वर्ष- 3 , अंक- 05
छपरा
26 नवंबर बुधवार 2025
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू
E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live



राम मंदिर के शिखर पर 22 फीट लंबी और 11 फीट चौड़ी धर्मध्वजा लहरा रही है।


### अयोध्या राम मंदिर पर फहराई धर्मध्वजा, मोदी भावुक हुए

# बोले- अब मानसिक गुलामी से मुक्ति का लक्ष्य; इसने राम को भी काल्पनिक बता दिया

**अयोध्या,एजेंसी।** पीएम ने अपने संबोधन में कहा कि धर्म ध्वजा पर कोविदार वृक्ष बना है। जब भरत अपनी सेना के साथ चित्रकूट पहुंचे, तब लक्ष्मण ने दूर से ही अयोध्या की सेना को पहचान लिया। इसका वर्णन वाल्मीकि जी ने किया है। लक्ष्मण कहते हैं कि सामने जो ध्वज दिख रहा है, वह अयोध्या का धर्म ध्वज है, जिस पर कोविदार वृक्ष बना है। यह वृक्ष अपने को याद दिलाता है कि जब हम इसे भूलते हैं, तब अपनी पहचान खो देते हैं।

आज से 190 साल पहले 1835 में मैकाले नाम के एक अंग्रेज ने भारत में मानसिक गुलामी की नींव रखी। आने वाले 10 वर्षों में उसके 200 साल होने वाले हैं। हमने संकल्प लिया है कि आने वाले 10 वर्षों में हम मानसिक गुलामी की मानसिकता से मुक्ति दिलाकर रहेगें।

**मानसिक गुलामी ने राम को भी काल्पनिक बता दिया:**पीएम ने आगे कहा कि अभी गुलामी की इस मानसिकता ने डेरा डाला हुआ है। हमने नौसेना के ध्वज से गुलामी की मानसिकता को हटाया। ये गुलामी की मानसिकता ही है, जिसने राम को नकारा है। भारतवर्ष के कण-कण में भगवान राम हैं। लेकिन, मानसिक गुलामी ने राम को भी काल्पनिक बता दिया। आने वाले एक





हजार वर्ष के लिए भारत की नींव तभी मजबूत होगी, जब आने वाले 10 साल में हम मैकाले की मानसिक गुलामी से छुटकारा पा लेंगे। 21वीं सदी की अयोध्या विकसित भारत का मेरुदंड बनकर उभर रही है।


उन्होंने कहा कि अयोध्या में आज शानदार रेलवे स्टेशन है। वंदे भारत और अमृत भारत जैसी ट्रेनें हैं। जब से रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई है, तब से 45 करोड़ श्रद्धालु यहां दर्शन को आ चुके हैं। इससे अयोध्या व आसपास के लोगों का आर्थिक विकास हुआ है। 21वीं सदीं का आने वाला समय काफी महत्वपूर्ण है। पिछले 11 साल में भारत विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था बन गया है। वह दिन दूर नहीं जब भारत जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था बन जाएगा। सियावर रामचंद्र के जयघोष के साथ पीएम मोदी ने अपना संबोधन शुरू किया। उन्होंने कहा कि आज संपूर्ण भारत, संपूर्ण विश्व राममय है। सदियों के घाव भर रहे हैं। सदियों की वेदना आज विराम पा रही है। सदियों का संकल्प आज सिद्धि को प्राप्त हो रहा है। आज धर्म ध्वजा की मंदिर में स्थापना हुई है। इसका भगवा रंग, सूर्य का चिन्ह, कोविदार वृक्ष रामराज्य की कीर्ति को दर्शाता है। सत्य में ही ध्वज स्थापित है। ये धर्म ध्वज प्रेरणा बनेगा। प्राण जाएं पर वचन न जाए, अर्थात जो कहा जाए, वही किया जाए।



इस अवसर पर देश-दुनिया से आए संत-महंत, विशिष्ट अतिथि और हज़ारों श्रद्धालु मौजूद रहे। सुरक्षा के कड़े इंतज़ामों के बीच राम नगरी उत्सव के रंग में डूबी रही। मंदिर परिसर से लेकर सरयू तट तक हर ओर दीप, पुष्प और रंगोलियों से सजा माहौल इस ऐतिहासिक उत्सव का साक्षात अनुभव करा रहा था। चार से पांच मिनट के संक्षिप्त ध्वजारोहण अनुष्ठान में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्रधानमंत्री ने बटन दबाकर ध्वज फहराया। सात हजार अतिथि समारोह के साक्षी बने।, जिनमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, , धर्मगुरु, व्यापार जगत के प्रमुख नाम, दलित, वंचित, किन्नर और अघोरी समुदाय के प्रतिनिधि शामिल रहे।


**हर कालखंड में राम के विचार ही हमारी प्रेरणा बनेंगे** :पीएम मोदी ने कहा- हर कालखंड में राम के विचार ही हमारी प्रेरणा बनेंगे। विकसित भारत की यात्रा को गति देने के लिए ऐसा रथ चाहिए, जिसके पहिये शौर्य और धैर्य हों। ऐसा रथ जिसकी ध्वजा नीति, नीयत से समझौता नहीं करे। ऐसा रथ जिसके घोड़े बल, विवेक, संयम और परोपकार हो। ऐसा रथ जिसकी लगाम क्षमा, करुणा और संभाव हो, जहां सफलता का अंहकार नहीं, असफलता में भी दूसरों के प्रति सम्मान बना रहे।

## आज हम सबके लिए सार्थकता का दिन : मोहन भागवत



इस मौके पर आरएसएस सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि आज हम सबके लिए सार्थकता का दिन है। इसके लिए जितने लोगों ने प्राण न्योछावर किए, उनकी आत्मा तृप्त हुई होगी। अशोक जी को वहां पर शांति मिली होगी। आज मंदिर का ध्वजारोहण हो गया। रामराज्य का ध्वज, जो कभी अयोध्या में फहराता था, आज वह फहरा गया है। इस भगवा ध्वज पर रघुकुल का प्रतीक कोविदार वृक्ष है। यह वृक्ष रघुकुल की सत्ता का प्रतीक है। यह वह वृक्ष है जिसके लिए कहा जाता है, कि वृक्ष सबके लिए छाया देते हैं, स्वंय धूप में खड़े रहकर। फल भी दूसरों के लिए देते हैं। ध्वज पर बने सूर्य भगवान संकल्प का प्रतीक हैं। जैसा सपना उन (राम मंदिर के लिए संघर्ष करने वाले लोगों ने) लोगों ने देखा था, बिल्कुल वैसा ही या यूं कहें कि उससे भी भव्य मंदिर बन गया है।

## सीएम योगी के संबोधन में दिखी नई उर्जा



इस मौके पर सीएम योगी आदित्यनाथ के संबोधन में एक नई उर्जा दिखाई दी। उन्होंने कहा कि मंदिर के शिखर पर फहरा रहा यह केसरिया ध्वज नए भारत का प्रतीक है। पिछले 500 वर्षों में साम्राज्य और पीढ़ियां बदल गईं। लेकिन, आस्था न झुकी, न रुकी। जब आरएसएस के हाथ में कमान आई तो सिर्फ एक ही आवाज गूंजती रही। रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे... लाठी गोली खाएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे

**धर्म, ईमानदारी, न्याय और राष्ट्र धर्म का प्रतीक है यह भगवा झंडा** :सीएम ने आगे कहा कि यह भव्य मंदिर 140 करोड़ भारतीयों की आस्था और स्वाभिमान का प्रतीक है। मैं उन सभी कर्मयोगियों को बधाई देता हूं जिन्होंने इसके लिए अपना बलिदान दिया। यह झंडा इस बात का सबूत है कि धर्म की रोशनी अमर है। रामराज्य के सिद्धांत हमेशा रहने वाले हैं।

## असम सीएम विधानसभा में बोले- सिंगर जुबीन का मर्डर हुआ



**गुवाहाटी,एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को विधानसभा में बताया कि सिंगर जुबीन गर्ग की मौत कोई हादसा नहीं, बल्कि हत्या थी। सरमा ने कहा कि यह गैर इरादतन हत्या या आपराधिक साजिश नहीं, बल्कि साफ-साफ मर्डर था। सीएम ने दावा किया कि एक आरोपी ने सिंगर की जान ली। वहीं अन्य लोगों ने हत्या में उसकी मदद की।

असम विधानसभा में विपक्षी पार्टियां जुबीन की मौत पर चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव लेकर आया था। जिस पर सीएम सरमा ने आज विधानसभा में शीतकालीन सत्र के पहले दिन जवाब दिया।

## रायसेन के गौहरगंज में बच्ची से रेप, तीन दिन से धरने पर बैठे लोग



**रायसेन,एजेंसी।** रायसेन के गौहरगंज में 6 साल की बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी 4 दिन बाद भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। आरोपी के एनकाउंटर की मांग को लेकर लोग तीन दिन से गौहरगंज थाने के सामने धरना दे रहे हैं।

रात में कड़ाके की ठंड के बावजूद युवतियां और महिलाएं धरने से नहीं उठीं। आरोपी पर 20 हजार रुपए का इनाम घोषित है। इससे पहले सोमवार को घटना के विरोध में उग्र प्रदर्शन किया गया था। डीआईजी प्रशांत खरे ने बताया, आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 20 टीमें लगाई गई हैं।

### पीएम मोदी ने शहीदी दिवस पर सिक्का जारी किया:

# कुरुक्षेत्र में बोले- नया भारत न डरता है, न रुकता है, ऑपरेशन सिंदूर इसका सबसे बड़ा उदाहरण

**कुरुक्षेत्र,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के कुरुक्षेत्र में ज्योतिसर अनुभव केंद्र का लोकार्पण और पाञ्चजन्य शंख स्मारक का शुभारंभ किया। इसके बाद पीएम श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर हो रहे समागम में पहुंचे। उन्होंने श्री गुरु तेग बहादुर जी को समर्पित किताब का विमोचन किया और सिक्का भी रिलीज किया।

**पीएम ने संबोधित करते हुए कहा-** गुरु तेग बहादुर जी भी सत्य और न्याय को अपना धर्म माना और इसकी रक्षा के लिए अपने प्राण तक दे दिए।जब नौवी पातशाही गुरु तेग बहादुर यहां आए, तो उन्होंने यहां अपनी साहसिक छाप छोड़ी।

हम न किसी को डराते हैं, न किसी से डरते हैं। यही मंत्र गुरुओं ने दिया। हम शांति चाहते हैं, लेकिन अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करते। ऑपरेशन सिंदूर इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। ये पूरे विश्व ने देखा है। नया भारत न डरता है, न रुकता है, आज भारत पूरी शक्ति के साथ आगे बढ़ रहा है।



### कहा- गुरुओं की सीख अपनाएं युवा

प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि मैं आज एक ऐसे विषय पर बात करना चाहता हूं जो युवाओं से जुड़ा है। मैं नशे पर बात करना चाहता हूं। आज इस समस्या ने युवाओं को अंधेरे से घेर दिया है। सरकार प्रयास कर रही है, लेकिन ये समाज की भी लड़ाई है। ऐसे समय में गुरु तेग बहादुर की शिक्षा हमारे लिए प्रेरणा भी है और समाधान भी है। उन्होंने अपनी यात्रा के दौरान अनेकों को अपने साथ जोड़ा। इन गांवों में रहने वाले लोगों ने हर तरह के नशे के खेतों को छोड़ा। गुरु महाराज के बताए इसी मार्ग पर चलते हुए हम नशे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ने का काम करें तो ये समस्या जड़ से समाप्त हो जाएगी।

अब प्रधानमंत्री इंटरनेशनल गीता जयंती महोत्सव में शामिल होंगे। साथ ही ब्रह्मसरोवर पर संध्याकालीन आरती में हिस्सा लेंगे।

### सुप्रीम कोर्ट बोला- सहमति से संबंध और रेप में अंतर



# रिलेशनशिप टूटने पर आरोप नहीं लगा सकते शादी के वादे पर संबंध बना, साबित करना होगा

**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक मामले में फैसला सुनाते हुए कहा कि लंबे समय तक सहमति से बना रिश्ता टूट जाए, शादी न हो पाए तो ऐसे हालात में इसे रेप नहीं माना जा सकता। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा कि ऐसे मामलों में कानून का गलत इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। रेप जैसे आरोप तभी लगाए जाएं जब वास्तव में जबरदस्ती, डर, दबाव या सहमति की कमी हो।

इस टिप्पणी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाईकोर्ट का फैसला बदलते हुए एक वकील के



खिलाफ IPC की धारा 376, 376(2)(n) और 507 में दर्ज FIR और चार्जशीट रद्द कर दी। वकील पर एक महिला ने शादी का झूठा वादा करके बार-बार रेप करने का आरोप लगाया था।

वकील ने औरंगाबाद के बॉम्बे हाईकोर्ट को मार्च 2025 के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने अगस्त 2024 में उसके खिलाफ दर्ज FIR को रद्द करने से इनकार कर दिया था।

**तीन साल चला रिश्ता, शादी नहीं हुई तो रेप का आरोप :** शिकायतकर्ता महिला ने पहले अपने पति पर केस किया था और मेंटेनेंस की मांग की थी। इसी दौरान उसकी मुलाकात अपीलकर्ता वकील से हुई। दोनों के बीच साल 2022 से मई 2024 तक संबंध थे। दोनों के बीच नजदीकियां भी बढ़ीं। इसी बीच जब अपीलकर्ता ने शादी की बात कही तब महिला ने अपने पिछले वैवाहिक विवाद के कारण शुरू में वकील के प्रस्ताव को मना कर दिया था। अपीलकर्ता वकील ने कहा कि महिला ने उससे 1.5 लाख मांगे थे।

### सीजेआई बोले- सेना सेक्युलर, इसमें अनुशासन सर्वोपरि

ईसाई अफसर का बर्खास्तगी का आदेश बरकरार, आर्मी की धार्मिक परेडों में शामिल होने से मना किया था

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को भारतीय सेना के ईसाई अफसर सैमुअल कमलेसन की बर्खास्तगी को सही ठहराया। अफसर पर आरोप था कि उन्होंने अपनी रेजिमेंट की साप्ताहिक धार्मिक परेडों और मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश करने से इनकार किया था। मुख्य न्यायाधीश (CJI) सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि यह आचरण गंभीर अनुशासनहीनता है और सेना जैसी संस्था में ऐसी हरकतें बर्दाश्त नहीं की जा सकतीं। आपने अपने सैनिकों की भावनाओं का सम्मान नहीं किया। आपको धार्मिक अहंकार इतना अधिक कि दूसरों की परवाह ही नहीं थी? इससे पहले 19 नवंबर को सुनवाई के दौरान दिल्ली हाईकोर्ट ने भी माना था कि अफसर के व्यवहार से आचरण रेजीमेंट की एकजुटता, अनुशासन और सेक्युलर मूल्यों को नुकसान पहुंचा। कोर्ट ने सेना में ऐसे व्यवहार को युद्ध स्थितियों में नुकसानदेह बताया था।

## आतंकी डॉ. शाहीन की अल-फलाह यूनिवर्सिटी में नंबर-3 पोजीशन




- **एमबीबीएस स्टूडेंट्स की ट्रेनिंग और नियम बनाने का जिम्मा था; माइनॉरिटी दर्जा खतरे में**

**फरीदाबाद ,एजेंसी।** आतंकी मॉड्यूल से जुड़ी डॉ. शाहीन सईद अल-फलाह यूनिवर्सिटी में भी अहम रोल में थी। वो यूनिवर्सिटी की करिकुलम कमेटी में नंबर-3 की पोजिशन पर थी। इस कमेटी के जिम्मे मेडिकल छात्रों की पढ़ाई से जुड़े नियम व तौर-तरीकों का निर्धारण करना, सिलेबस में सुधार या बदलाव का प्रस्ताव देना, MBBS स्टूडेंट्स की प्रैक्टिकल व क्लिनिकल ट्रेनिंग के मानक तय करना शामिल है। इसके अलावा यह कमेटी मेडिकल एजुकेशन यूनिट के माध्यम से शिक्षकों के मॉड्यूल और ट्रेनिंग का रोडमैप तैयार करती है। जांच एजेंसियों को शक है कि डॉ. शाहीन अपने पद का इस्तेमाल आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कर रही थी। डॉ. शाहीन अपने पद के दम पर दूसरे लोगों का माइंडवॉश कर रही थी।



# राजस्थान-म.प्र. के 16 शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे

### बिहार में पटना सहित 10 शहरों में घना कोहरा; बद्रीनाथ में माइनस 12डिग्री पारा, नदी-झरने जमे

**भोपाल/जयपुर/देहरादून,एजेंसी।** देश के पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी और सर्द हवाओं से मैदानी राज्यों में ठिठुरन बढ़ने लगी है। राजस्थान में सोमवार को कोटा, उदयपुर समेत कई जिलों में दिन के तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हुई। 10 शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से कम रहा। फतेहपुर में सबसे कम, 5.8 डिग्री तापमान दर्ज हुआ।

मध्य प्रदेश में भी सर्द हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। नौगांव, राजगढ़, नरसिंहपुर और रीवा में सोमवार को तापमान 8 से 10 डिग्री के बीच रहा। भोपाल सहित कई जिलों में लगातार तीसरे दिन बादल छाए रहे। मौसम विभाग ने राज्य में अगले चार दिन तक शीतलहर से राहत की संभावना जताई है। इधर, बिहार में सर्दी के साथ घने कोहरे का असर



बढ़ गया है। बीते दिन, पटना, खगड़िया, गोपालगंज, सारण, बेगूसराय समेत 10 शहरों में सुबह-सुबह घना कोहरा देखने को मिला। कई जगह विजिबिलिटी 100-200 मीटर तक दर्ज की गई। इससे सड़कों पर दिन में भी गाड़ियों की लाइटें जलानी पड़ी। उत्तराखंड में पारा गिरने के साथ सर्द हवाएं चल रही हैं। बद्रीनाथ में सोमवार को तापमान माइनस 12 डिग्री पहुंच गया। यहां नदी और झरने जम गए हैं। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी की आशंका जताई है।

तमिलनाडु में तेज बारिश, मदुरै में स्कूल-कॉलेज बंद तमिलनाडु के कई जिलों में सोमवार सुबह से ही बारिश हो रही है। पुडुचेरी और कराईकल के कई इलाकों में पानी भर गया है। भारी बारिश के चलते मदुरै में स्कूल-कॉलेज बंद कर दिए गए हैं। मौसम विभाग के अनुसार अगले 2 दिन तमिलनाडु में बारिश का मौसम बना रहेगा।

# स्कूल वैन व स्कॉर्पियो में आमने सामने की जोरदार टक्कर, डेढ़ दर्जन से अधिक स्कूली बच्चे घायल

**दैनिक खोज खबर/ अमनौर/ सारण।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एसएच 104 अमनौर - तरैया मुख्य मार्ग अमनौर जान गांव के पास मंगलवार की सुबह एक स्कूली बच्चों से भड़े वैन व स्कॉर्पियो के आमने सामने की जोरदार टक्कर से चीख पुकार मच गई. वैन में सवार डेढ़ दर्जन से अधिक बच्चे घायल हो गए. स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायल बच्चों को उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया. घटना के बाद वहां अफरा तफरी मच गई. घटना की सूचना मिलते ही बच्चों के अभिभावक, माता पिता रोते बिलखते मौके पर पहुंचे तो कुछ सीएचसी में पहुंच अपने बच्चों का हाल जानने व देखने के लिए बेचैन दिख रहे थे.



घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह निकटवर्ती क्षेत्र नौतन स्थित निजी स्कूल केडी पब्लिक स्कूल के वैन भिड़िया, नारायणपुर तथा अमनौर जान से बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी तभी अमनौर जान के पास गोरिया कोठी से सलखुआ आई बारात से लौट रहे स्कॉर्पियो की सामने से जोरदार टक्कर मार दिया. जिससे डेढ़ दर्जन से अधिक बच्चे घायल हो गये. वहीं स्कूली वैन तथा स्कॉर्पियो के चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गए. कई अभिभावक आनन फानन में अपने घायल बच्चों को लेकर निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया तो कई बच्चों को स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया. रास्ते से आ रहे कुछ टोटो चालक ने घायल बच्चों को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करा रहे थे तभी भीड़ ने उन्हें स्कॉर्पियो चालक समझ जमकर पिटाई कर दिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया . उधर गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद यश कुमार, अमृत कुमार, आयुष कुमार सहित आधा दर्जन बच्चों को रेफर कर दिया. घायलों में जहां निक्की कुमारी (12 वर्ष), साक्षी कुमारी (8 वर्ष), अंकुश कुमार (8 वर्ष), अमृत कुमार (9 वर्ष), यश कुमार (7 वर्ष), आयुष कुमार (13 वर्ष), आदित्य कुमार (12वर्ष), आयुषी कुमारी (7 वर्ष) स्कूली वैन चालक भिड़िया नारायणपुर गांव निवासी रामकुमार सिंह के 38 वर्षीय पुत्र विक्की कुमार , स्कॉर्पियो सवार व बसडिला निवासी जितेंद्र कुमार, भीठ्ठी निवासी , शिवनारायण राय, टोटो चालक व अमनौर निवासी छोटे लाल, एंबुलेंस ड्राइवर व धरहरा गांव निवासी संतोष कुमार सिंह बताए गए हैं. उधर यश कुमार, अमृत कुमार, आयुष कुमार का स्थिति नाजुक बताया जा रहा है जिसका इलाज पटना में चल रहा है.घटना की सूचना के बाद ग्रामीण एसपी संजय कुमार मढ़ौरा डीएसपी नरेश पासवान पुलिस बल के साथ घटना स्थल पहुंच मामले की जानकारी प्राप्त किया. स्थानीय प्रशासन को स्थिति पर नजर बनाए रखने का निर्देश दिया. वहीं क्षतिग्रस्त गाड़ियों को पुलिस ने जब्त कर लिया है.

## मशरक गोला मंडी में आपदा प्रबंधन मंत्री का हुआ भव्य स्वागत

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक गोला मंडी में बिहार सरकार में आपदा प्रबंधन मंत्री नारायण प्रसाद का बेतिया जाने के दौरान भव्य स्वागत किया गया। बिहार सरकार में भाजपा कोटे से मंत्री पद संभालने के बाद पैतृक गांव जाने के दौरान मशरक में उनका भव्य स्वागत और सम्मान समारोह आयोजित किया गया।




मशरक बाजार क्षेत्र में गोला मंडी में व्यवसायी पवन कुमार और स्टेशन रोड दवा व्यवसाई लाल बाबू प्रसाद के यहां पहुंचने पर उनका स्वागत गाजे-बाजे के साथ किया गया। उपस्थित लोगों में मंडल भाजपा अध्यक्ष दुर्गेश कुमार गुप्ता, रामबालक प्रसाद, सरपंच अजय कुमार सिंह, जेपी गुप्ता, सुबोध रंजन सिंह, प्राण सेठ,पवन प्रसाद, आनंद प्रसाद, राजू सिंह, राजेश प्रसाद, काशी प्रसाद, ईश्वर चंद प्रसाद, रामबालक प्रसाद, रिंकू प्रसाद, जगरनाथ प्रसाद, बालदेव प्रसाद, श्री कांत प्रसाद, सूर्य नारायण प्रसाद, अजय कुमार , श्री कांत प्रसाद समेत दर्जनों लोगों ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। मौके पर स्वागत समारोह कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सारण और चम्पारण का पहले भी विशेष लगाव रहा है वैसे भी सारण जिले के मशरक में ससुराल होने से उनका स्नेह सारण पर विशेष हैं

## आपदा प्रबंधन मंत्री ने व्यवसायी के निधन पर जताया शोक, परिजनों से की मुलाकात

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के मशरक गोला मंडी के खाद बीज के थोक प्रसिद्ध व्यवसायी लाल साहेब प्रसाद का बीते दिनों पहले निधन हो गया था। मंगलवार की दोपहर बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन मंत्री नारायण प्रसाद ने मृत व्यावसायी के परिजनों से मुलाकात की और संवेदना प्रकट की। मौके पर जेपी गुप्ता, पवन कुमार, सुबोध रंजन सिंह, दुर्गेश प्रसाद, प्राण सेठ, पवन प्रसाद, आनंद प्रसाद, राजेश प्रसाद,काशी प्रसाद, ईश्वर चंद प्रसाद, रामबालक प्रसाद, रिंकू प्रसाद, जगरनाथ प्रसाद, बालदेव प्रसाद, श्री कांत प्रसाद, सूर्य नारायण प्रसाद, अजय कुमार , तूफानी सिंह, नागेन्द्र सिंह समेत अन्य मौजूद रहें।

## तेज रफ्तार अनियंत्रित कार दीवार से जा टकराई, सवार दो युवक घायल

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** थाना क्षेत्र के देवरिया गांव स्थित एसएच-104 मुख्य सड़क पर तेज रफ्तार अनियंत्रित एक कार सड़क किनारे दीवार से जाकर टकरा गई। जिससे कार में सवार दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में पप्पू चौधरी और पवन चौधरी शामिल है। घटना के सम्बन्ध में स्थानीय लोगों ने



बताया कि कार तेज रफ्तार में आ रही थी इसी दौरान चालक को झपकी आ गई और कार सड़क किनारे बने एक कर्कटनुमा घर में जाकर टकरा गई। जिससे कार में सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद, स्थानीय लोगों की मदद से दोनों भाइयों को रेफरल अस्पताल तरैया में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद, चिकित्सकों ने दोनों को गंभीर अवस्था में छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, कार में सवार लोग गोपालगंज से एक तिलक समारोह में शामिल होकर पटना लौट रहे थे। सूचना मिलते ही तरैया थाने की पुलिस मौके पर पहुंच कर छानबीन शुरू कर दी हैं।

## मांझी की चौक-चौराहों पर सीसीटीवी की गिगरानी शूरू



**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** 15 वार्ड वाले मांझी नगर पंचायत क्षेत्र के अलग अलग चौक चौराहों सड़को व गलियों में 70 सीसीटीवी कैमरों से निगरानी शुरू कर दी गई है। इसकी जानकारी देते हुए मांझी नगर पंचायत के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि विशाल कुमार उर्फ बिट्टू राय ने बताया कि लगभग 40 लाख रुपये की लागत से नगर पंचायत क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों के जरिये मांझी को अपराध मुक्त करने की दिशा में यह पहला प्रयास किया गया है। उन्होंने बताया कि अगले चरण में 50 और कैमरे लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अपराधी क्षेत्र छोड़कर अन्यत्र चले जायँ अन्यथा उनकी खैर नहीं। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत कार्यालय स्थित कंट्रोल रूम के अलावा माँझी थाना कार्यालय में लगी अत्याधुनिक मशीन एवम स्टेबलाइजर के सहयोग से लगातार 24 घण्टे सीसीटीवी कैमरों से क्षेत्र की प्रत्येक गतिविधियों की निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी कैमरों से निगरानी का यह अनूठा प्रयास मांझी नगर पंचायत क्षेत्र के नागरिकों के विकास का एक बेहतर मानक साबित होगा।

## शादी में आर्केस्ट्रा के दौरान हुए हत्याकांड का 24 घंटे के अंदर पर्दाफाश, 02 अभियुक्त गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** स्थानीय थानान्तर्गत ग्राम भावलपुर स्थित वार्ड नं0-05 में 24 नवंबर 25 की रात्रि में शादी में आर्केस्ट्रा में गाना बजाने को लेकर लड़की के भाई एवं गांव के ग्रामीण शिवदयाल महतो एवं उसके परिवार जनों के साथ झड़प हुआ। झड़प के उपरांत उक्त लड़की के भाई रिकु कुमार को चाकू मारकर हत्या कर दी गयी। जिस संबंध में मढ़ौरा थाना कांड सं0-776/25 दर्ज क कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। अनुसंधान के क्रम में त्वरित कार्रवाई करते हुए 02 व्यक्ति रामदयाल महतो एवं दीनी महतो को गिरफ्तार किया गया।

## विद्यालय के भैया-बहनों को वैशाली का परिभ्रमण कराया गया

दैनिक खोज खबछपरा। मंगलवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, दर्शन नगर, छपरा के द्वारा शैक्षणिक परिभ्रमण के परिपेक्ष्य में विद्यालय के भैया - बहनों को वैशाली का भ्रमण कराया गया। परिभ्रमण के द्वारा प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने शैक्षणिक परिभ्रमण का उद्देश्य बताते हुए कहा कि भैया-बहन को किताबी ज्ञान को व्यावहारिक ज्ञान में परिवर्तित करना तथा आपसी सामंजस्य , सहयोग और नेतृत्व के गुणों का विकास करना है । परिभ्रमण के दौरान विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य अनिल कुमार आजाद ने अपने भैया-बहनों को वैशाली की महता को बताते हुए कहा कि वैशाली दुनिया का पहला गणतंत्र और बौद्ध स्तूप बिहार के सांस्कृतिक धरोहर और वैश्विक बौद्ध विरासत की भव्यता का प्रतीक है । भैया- बहनों ने विश्व शांति स्तूप , भगवान बुद्ध के अस्थि कलश दर्शन, ध्यान केन्द्र, संग्रहालय इत्यादि का अवलोकन करते हुए खूब आनन्द उठाया और अपनी जिज्ञासा को संपुष्ट करने के लिए अपने आचार्य/ दीदी जी से परिचर्चा करते दिखे । प्रधानाचार्य बिनोद कुमार के मार्गदर्शन में शैक्षणिक भ्रमण का टीम गठन किया गया था। जिस टीम में अनिल कुमार आजाद,दर्शना सिंह, आशुतोष कुमार चौधरी ,प्राची,रंजिता रंजन,विशाल सिंह थे। इनके नेतृत्व में भैया - बहन बिहार की सांस्कृतिक धरोहर, आस्था और बौद्ध विरासत से अवगत हुए।

## शराब कारोबारियों से अवैध वसूली के आरोप में दो पुलिस पदाधिकारी निलंबित, भेजे गये जेल



**मढ़ौरा/छपरा (सारण)।** मढ़ौरा थाना क्षेत्र के कोल्हुआ में मंगलवार को 01 स्कॉर्पियो गाड़ी में जप्त शराब को छोड़ने के लिए सौदेबाजी तथा 01 पुलिस कर्मी को बंधक बनाए जाने की सूचना मुफस्सिल थानाध्यक्ष को प्राप्त हुई। उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एएसपी सदर के नेतृत्व में सूचना के सत्यापनोपरांत प्र0पु0अ0नि0 चंद्रभान कुमार को मढ़ौरा थानान्तर्गत ग्राम कोलुआ से छापामारी कर सकुशल बरामद किया गया। त्वरित कार्रवाई के दौरान 01 अपराधकर्मी बाल्मीकि सिंह को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से एक पिस्टल, तीन मैगजीन तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। घटना के विशेष जांच में यह बात सामने आई कि प्र0पु0अ0नि0 चंद्रभान कुमार एवं प्र0पु0अ0नि0 दीपक कुमार ओझा के द्वारा स्कॉर्पियो में जप्त शराब छोड़ने हेतु भयादोहन कर अवैध वसुली की जा रही थी। जिस संबंध में एएसपी सदर द्वारा जांच प्रतिवेदन में इसकी पुष्टि की गई है। तत्काल दोनों पुलिस पदाधिकारियों के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर दोनों पुलिस पदाधिकारी को जेल भेजा जा रहा है। वहीं शराब कारोबारी बाल्मीकि %सिंह के दो अन्य सहयोगियों की पहचान कर ली गयी है। इसके पास से हथियार भी बरामद हुआ है। मद्यनिषेध एवं आर्म्स एक्ट के सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त मढ़ौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत

गांव जमालपुर कर वाल्मीकि कुमार सिंह, पिता-राजेन्द्र सिंह बताया गया है। जिसके पास से पिस्टल-01, मैग्जीन 03, जिन्दा कारतूस-01. चाकू-01, देशी शराब-09 ली0 एवं स्कॉर्पियो-01 जप्ती सूची में दर्शाई गई है।

पुलिस टीम में पुलिस अधिकारी रामपुकार सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर-1, नरेश पासवान, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, मढ़ौरा, थानाध्यक्ष मुफस्सिल /गरखा / मढ़ौरा थाना एवं थाना के अन्य कर्मी शामिल थे।

## बढ़ती अश्लीलता और द्विअर्थी गानों के खिलाफ मुहिम

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** जब मैं दिल्ली विश्वविद्यालय का छात्र था, उसी समय से भोजपुरी संगीत में बढ़ती अश्लीलता और द्विअर्थी गानों के खिलाफ लगातार लिखता रहा हूँ। तब स्थिति आज जैसी भयावह नहीं थी। गानों में भले हल्का-फुल्का मज़ाक या लुकाठी शैली दिख जाती थी, लेकिन जातिवादी, रंगदारी, और हिंसा को महिमामंडित करने वाले गीतों का चलन लगभग नहीं के बराबर था। भोजपुरी संगीत उस समय लोक जीवन की खुशबू से भरा हुआ था–सादगी, संस्कृति, पर्व-त्योहार, खेत-खलिहान और मानवीय संवेदनाओं से जुड़ा हुआ। लेकिन अब स्थिति चिंताजनक है। अश्लीलता और द्विअर्थी संवादों का जो जहर पहले धीरे-धीरे फैला, वह अब समाज में और भी खतरनाक



नीरज कुमार

रूप में विकसित हो चुका है। आज ऐसे गाने बनाए जा रहे हैं, जिनमें जाति के नाम पर घृणा भड़काई जा रही है, रंगदारी को बहादुरी बताकर पेश किया जा रहा है, और अपराधी मानसिकता को संस्कृति का हिस्सा बना देने की कोशिश की जा रही है। मैंने बिहार के सभ्य समाज, शिक्षित युवाओं और संस्कारप्रिय परिवारों से कई बार यह अपील की कि ऐसे गानों का सार्वजनिक विरोध करें, अपने बच्चों को इनसे दूर रखें, और समाज में स्वच्छ संगीत की परंपरा को बचाने के लिए साथ आएँ। लेकिन जिस प्रकार का सामाजिक वातावरण तैयार किया जा रहा है, उसमें ऐसे समर्थन मिलना अब बेहद कठिन लगता है। आज संगीत सिर्फ मनोरंजन का माध्यम नहीं रहा, बल्कि कुछ लोगों के लिए सस्ती प्रसिद्धि, तुरंत पॉपुलैरिटी और सोशल मीडिया की लाइक्स-कमेंट्स का साधन बन गया है। अश्लीलता, जातिवाद और रंगदारी वाले गानों की ओर आकर्षित होने वाले लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। ऐसे में उनसे सामाजिक जागरूकता या सांस्कृतिक सुरक्षा की उम्मीद करना लगभग व्यर्थ है। दुःख इस बात का है कि भोजपुरी जैसी समृद्ध सांस्कृतिक भाषा–जिसने बिरहा, कजरी, सोहर, विदाई, भजन और विरह गीतों की अनगिनत विरासतें दीं–वह आज अवांछित शोर में दबती जा रही है। लेकिन फिर भी मेरा मानना है कि समाज में एक बड़ा वर्ग ऐसा है जो इस गिरावट से दुखी है, बस उसे कोई मंच, कोई नेतृत्व और कोई सकारात्मक विकल्प चाहिए। हमारी जिम्मेदारी है कि हम भोजपुरी संस्कृति को उसकी असली गरिमा के साथ पुनर्जीवित करें–साफ-सुथरे, अर्थपूर्ण और समाज को जोड़ने वाले गीतों के जरिए। भोजपुरी संगीत को बचाना सिर्फ कला का संरक्षण नहीं, बल्कि हमारी पहचान, संस्कृति, और सभ्यता की रक्षा है।

## उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बाबा हरिहर नाथ मंदिर में की पूजा अर्चना

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंत्रालय का पदभार ग्रहण करने से पहले सोनपुर बाबा हरिहरनाथ मंदिर मे पहुंच कर रुद्राभिषेक एवं पूजा अर्चना की। इस अवसर पर भाजपा नेता व प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राकेश कुमार सिंह व अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मंदिर मे पहुंचने पर गाजे बाजे और मंदिर पुजारी के द्वारा मन्त्रोंउच्चारण के साथ उनका स्वागत किया गया। जिसके बाद मंदिर परिसर में उप मुख्यमंत्री श्री चौधरी को भाजपा नेता राकेश कुमार सिंह और मंदिर सचिव विजय लाला द्वारा अंग वस्त्र और मंदिर का प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री कृष्ण कुमार सिंह मंटू, सारण एसएसपी डॉ कुमार आशीष, एडीएम मुकेश कुमार, एसडीपीओ प्रियतुश कुमार, भाजपा नेता लाल बाबू



कुशवाहा, भाजपा नेता उपेन्द्र सिंह, मंडल अध्यक्ष आदित्य छोटू, सुनील सिंह, विमल चौरसिया, प्रमुख प्रतिनिधि पशुपति साह, सुमंत बाबा, मंदिर कोषाध्यक्ष निर्भय सिंह, मोनू सिंह, चंदन मिश्रा, पुजारी सुशील चंद्रशास्त्री, बमबम बाबा, सदानंद बाबा, राहुल बाबा, भूटकून बाबा सहित बड़ी संख्या मे लोग उपस्थित थे।

## आर्यभट्ट ज्ञान विश्विद्यालय के दीक्षांत समारोह में मढ़ौरा की निशान्धिता राज को मिली बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी की डिग्री

**दैनिक खोज खबर/पटना।** आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय पटना के द्वारा 9वी दीक्षांत समारोह 2025 का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान शामिल हुए। उन्होंने विश्वविद्यालय के विद्यार्थी और विशेष कर छात्राओं द्वारा हासिल की गई उपलब्धियां की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। राज्यपाल ने कहा कि उच्च शिक्षा को केवल रोजगार का मार्ग नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की क्षमता विकसित करने का माध्यम है। दीक्षांत समारोह में मढ़ौरा पुरानी बाजार निवासी जितेन्द्र कुमार सिंह की पुत्री



निशान्धिता राज को बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी की डिग्री मिली, जो पूरे मढ़ौरा के लिए गर्व का विषय है। इस मौके पर निशान्धिता राज ने कहा कि आज का दिन मेरे जीवन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। 5 साल की मेहनत के फलस्वरूप मुझे आज यह उपाधि प्राप्त हुई है। मेरी प्राथमिकता आम लोगों की सेवा करना है और खासकर ग्रामीण क्षेत्र में जहां जहां आज भी चिकित्सा सुविधा का अभाव है, वहां अपनी सेवा पहुंचना है। इस दीक्षांत समारोह में 2076 विद्यार्थियों को उनकी उपाधि स्वरूप डिग्री प्रदान की गई। जिसमें 1154 छात्राएं और 922 छात्र शामिल थे जो यह दर्शाता है कि उच्च शिक्षा में छात्राओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। इस अवसर पर आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शरद कुमार यादव, कुलसचिव डॉ निरंजन कुमार यादव तथा विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पितामह प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथा लीग मुकाबले में बलहा की टीम ने बख्तियारपुर को हराया

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** प्रखंड के विक्रमपुर में चल रहे पितामह प्रीमियर लीग के चौथे मैंच में रणवीर इलेवन बालाहां की टीम ने बहादुर इलेवन बख्तियारपुर को हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। मैंच का उद्घाटन नौतन पंचायत के मुखिया मिथलेश सिंह ने फीता काटकर किया। टॉस जीतकर रणवीर इलेवन बालाहां ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 14 ओवरों में 172 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम से प्रत्यूष कुमार ने 10 बॉल पर 39 और बॉलिंग करते हुए 3



महत्वपूर्ण विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए बहादुर इलेवन की टीम निर्धारित ओवरों में 92 रन पर ही सिमट गई। रणवीर इलेवन की ओर से गेंदबाजी में रौशन कुमार ने 5 और प्रत्यूष ने 4 विकेट झटके और विपक्षी टीम को संभलने का कोई मौका नहीं दिया। मैच में प्रत्युष कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया। पीपी लीग के आयोजनक नीरज कुमार ने बताया कि 26 नवंबर को बनियापुर बनाम मेकर और 27 नवंबर को मुजफ्फरपुर बनाम बालाहां के बीच सेमीफाइनल खेला जाएगा।



## 22 लीटर शराब के साथ एक गिरफ्तार

**सिवान ।** भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव में सोमवार को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 22 लीटर शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्कर राम इकबाल साह है। गिरफ्तार तस्कर को पुलिस ने जेल भेज दिया।

## मारपीट की प्राथमिकी

सिवान। भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के बड़कागांव टोले बलहा के हरे राम कुमार की पत्नी सुषमा कुमारी के आवेदन पर गांव के पांच लोगों के विरुद्ध मारपीट , गाली गलौज , रास्त रोकने तथा अपहरण की प्राथमिकी सोमवार को दर्ज की गई है । मामले में जगरनाथ राय , अभिषेक कुमार , बृज किशोर राय, वीरेंद्र राय सहित पांच लोगों को आरोपित किया गया है ।

## चोरी के मामले फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**सिवान।** चैनपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए चोरी के मामले में फरार चल रहे मोटरसाइकिल चोरी के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान आंदर थाना क्षेत्र के हरदोई पट्टी निवासी अमन कुमार सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपित के खिलाफ चैनपुर थाना में मामला दर्ज था और वह लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस संबंध में चैनपुर थानाध्यक्ष विजय रंजन कुमार ने बताया कि पुलिस की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की और आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

## शराब पीने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**सिवान।** चैनपुर थाना पुलिस ने शराब पीने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपितों में नया गांव निवासी राजेश राम, लखराव निवासी धीरज कुमार तथा मुबारकपुर गांव निवासी सिकंदर शाह शामिल है।

## हिंदी फिल्म ही मैन धर्मेंद्र के निधन पर रंगकर्मियों ने जताया शोक

**भगवानपुर हाट ( सिवान )।** हिंदी सिनेमा के जाने माने सीने स्टार धर्मेंद्र के निधन की खबर से प्रखंड क्षेत्र के कला क्षेत्र से जुड़े रंगकर्मियों एवं उनके जमाने के सिनेमा प्रेमियों ने शोक जताया है । उनके निधन पर कला जगत एवं राजनीतिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति होने की बात । कला क्षेत्र से जुड़े भाजपा के सिवान पूर्वी के उपाध्यक्ष सुजीत कुमार पांडेय ने कहा कि धर्मेंद्र अपने जमाने के एक ऐसे अभिनेता थे जिनके अनेकों फिल्म युवाओं एवं देश प्रेमियों को कला एवं देश प्रेम की जिज्ञासा जगाई । उनके फिल्मों के कई डायलॉग आज भी लोगों के दिलोदिमाग पर छाए हुए हैं। शोले फिल्म वे विनम्रता एवं सादगी के लिए भी जाने जाते थे। उनके निधन से कला प्रेमियों में मायूसी छा गई है। उनके निधन पर गुरुचरण गुरु, विकास सिंह वीरप्पन, ईशा कलीम, अब्दुल कादिर, आदर्श कुमार पांडेय व अन्य लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटना में आधा दर्जन घायल

**सिवान।** जिले में मंगलवार की सुबह अलग-अलग सड़क दुर्घटना में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पहली घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भंटापोखर की है। जहां दो बाइक टक्कर में चार लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के छोटपुर निवासी मनोज कुमार, विनय कुमार व मैरवा निवासी अजय साह व ललन साह के रूप में हुई है। दूसरी घटना हुसैनगंज थाना क्षेत्र के गोपालपुर की है। जहां कार की टक्कर से साइकिल सवार दो युवक घायल हो गए। घायलों की पहचान एमएच नगर थाना क्षेत्र के हसनपुर निवासी एजाज आलम व इमरान आलम के रूप में हुई है।

## आवारा जानवरों के हमले से भयभीत हैं लोग

**आंदर(सिवान)।** आंदर प्रखंड के विभिन्न गांव के विद्यालय व धार्मिक स्थलों पर आवारा जानवरों को घूमता लोगों में भय व्याप्त हो जा रहा है। कई बार ये जानवर लोगों को काट कर घायल भी कर दे रहे हैं। इनकी अधिसंख्या को देख लोग भयभीत हो जा रहे हैं। वहीं रात्रि में इनके डर से लोग हाथों में डंडा व लाठी लेकर आना जाना करने को मजबूर दिखते हैं। वहीं स्कूलों के पास भी इनकी अधिसंख्या देख अभिभावक अपने बच्चों को अकेला स्कूल भेजने से कतराते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि शिक्षा विभाग की लापरवाही के कारण कई विद्यालय में चारदीवारी नहीं होने के कारण ये स्कूल परिसर में खुलेआम घूमते रहते हैं। रकौली विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि विद्यालय की चारदीवारी नहीं के कारण आवारा कुत्ते विद्यालय परिसर में प्रवेश कर जाते हैं। कई बार खूंखार रूप लिए बच्चों पर हमला भी कर देते हैं।

## बीडीओ ने पंचायत सचिवों संग बैठक कर योजनाओं की समीक्षा की

**सिवान।** सिसवन प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को बीडीओ राजेश कुमार ने पंचायत सचिवों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान बीडीओ ने पंचायत स्तर पर होने वाले विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सभी पंचायत सचिवों से कहा कि पंचायत स्तर पर होने वाले कार्यों को समय पर पूरा करें। बीडीओ ने रामगढ़ ,भागर ,कचनार ,ग्यासपुर आदि पंचायतों के योजनाओं में चल रहे कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पंचायत सचिवों को विद्युत विपत्र का निपटारा करने एवं नल जल के अनुरक्षकों के बकाया मानदेय देने के निर्देश दिए । इसके अलावा, पंचायत स्तर पर बन रहे पंचायत सरकार भवनों के कार्यों में तेजी लाने को भी कहा गया है। बीडीओ ने पंचायत सचिवों को इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

## अपराध नियंत्रण को लेकर चलाया गया वाहन जांच अभियान

**सिवान।** जिले के सभी थाना क्षेत्रों में विभिन्न चौक-चौराहों पर सोमवार को जिला पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण को लेकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इससे वाहन चालकों में हड़कप मच गया। बाइक चालक पुलिस से बचने के लिए रास्ता बदलकर किसी तरह बचकर भागते देखे गए। अभियान शहर के पीदेवी मोड़, बबुनिया मोड़, स्टेशन रोड, पचरुखी, महादेवा, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गोपालगंज मोड़ सहित अन्य जगहों पर विशेष रूप से चलाया गया। इस दौरान दो पहिया वाहनों के कागजात, चालकों के हेलमेट, डिक्की की जांच हुई। वाहन चालकों से यातायात नियम पालन करने की अपील की गई। चेकिंग के दौरान कई बाइक चालकों बीना कागजात, बीना हेलमेट के बाइक चलाते पकड़ा गया। सभी से जुर्माना राशि लेकर व कड़ी चेतावनी देकर छोड़ा गया। पुलिस की ट्रीपल लोडिंग चलने वाले बाइक चालकों पर नजर है।

# सीवान : अप्राथमिकी अभियुक्त के घर रेल पुलिस ने चस्पाया इस्तेहार,अब होगी कुर्की

**परवेज अख्तर/सीवान।** रेल थाना पुलिस ने हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सुरापुर निवासी सोहेल अहमद के घर इश्तेहार चिपकाया है। जीआरपी थानाध्यक्ष विकास कुमार आजाद ने बताया कि ट्रेन में यात्री से ठगी हुई थी। इसमें एक की गिरफ्तारी हुई थी। इसने पूछताछ में सराय थाना क्षेत्र के एमएम कालोनी सह वर्तमान पता हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सुरापुर निवासी अली अकबर का पुत्र सोहेल अहमद का नाम बताया था।इसके बाद रेल थाना सिवान कांड संख्या 94/25 के अप्राथमिकी अभियुक्त बनाया गया था। अभियुक्त अब तक फरार चल रहा है। पुलिस कई बार छापेमारी की, उसकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी। इसके बाद केस के आइओ परि पुलिस अवर निरीक्षक राजेश कुमार ने अप्राथमिकी अभियुक्त के घर इश्तेहार चिपकाने के लिए कोर्ट में आवेदन दाखिल किया था जहां कोर्ट के निर्देश के बाद आरोपित के घर इश्तेहार चिपकाया गया है। इस दौरान सिपाही श्रवण कुमार, महिला सिपाही सुमन कुमारी एवं हुसैनगंज थाना के पुलिस पदाधिकारी के साथ वहां पर उपस्थित स्थानीय लोगों के समक्ष इश्तेहार तामिला विधि पूर्वक किया गया।



## लगन के मौसम में ट्रेनों में बढ़ी भीड़, टिकट के लिए हो रही मारामारी

### ट्रेनों में थर्ड एसी का हाल बेहाल, दिल्ली, कोलकाता व मुंबई जाने वाली ट्रेनों में बढ़ी भीड़

**परवेज अख्तर/सीवान।** त्योहारों का दौर समाप्त होने के साथ मांगलिक कार्यक्रमों का सीजन शुरू हो गया है। ऐसे में दूसरी जगह रहने वाले रिश्तेदारों का घरों पर पहुंचने का सिलसिला शुरू है। ट्रेनों में लोगों की इन दिनों खूब भीड़ चल रही है। दिल्ली, कोलकाता, मुंबई सहित तमाम लंबी दूरी से सिवान जंक्शन पर आने वाली ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ देखने को मिल रही है। इस कारण लोगों को समय पर ट्रेनों में टिकट नहीं मिल रह है और वे यात्रा को लेकर परेशान भी दिख रहे हैं। आलम यह है कि यात्री कई दिनों के प्रयास के बाद भी कंफर्म टिकट नहीं पा रहे हैं। ऐसे में मजबूरन उन्हें वापस लौटना पड़ रहा है। वहीं आरक्षण टिकट लगभग सभी ट्रेनों में फुल है। कुल मिलाकर यात्री ऐन-केन-प्रकारेण अपना कर कार्यक्रमों में शामिल होने की फिराक में लगे हुए हैं। इस कारण ट्रेनों में थर्ड ऐसी हो या सेकंड सभी कोच में यात्रियों की भीड़ दिख रही है। जानकारी के अनुसार तत्काल टिकट के लिए भी यात्रियों को मारामारी करनी पड़ रही है। 15909 डिब्रूगढ़-लालगढ़ अवध असम एक्सप्रेस में 73 वेटिंग, 12553 सहरसा- नई दिल्ली वैशाली सुपरफास्ट एक्सप्रेस 127 वेटिंग, 12565 दरभंगा-नई दिल्ली बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस 141, 15707 कटिहार-अमृतसर आम्रपाली एक्सप्रेस 135, 15048 गोरखपुर-कोलकाता पूर्वांचल एक्सप्रेस 155 वेटिंग, 13020 काठगोदाम-हावड़ा बाघ एक्सप्रेस 96 वेटिंग है।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**हसनपुरा,(सिवान)।** एमएच नगर थाना के गुरुजवा जलालपुर निवासी हरेश प्रसाद के 24 वर्षीय पुत्र टिंकू कुमार की सड़क दुर्घटना में सोमवार की रात मौत हो गई। घटना के बाद स्वजनों में कोहराम मच गया । घटना के बारे में बताया जा रहा है कि गुरुजवा जलालपुर गांव से एक बारात आसांव गई थी। टिंकू अपनी मोटरसाइकिल से उसरी-आंदर मुख्य मार्ग होकर जा रहा था तभी उसरी लालनचक स्थित मोड़ समीप अनियंत्रित होकर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के पूर्व ही उसकी मौके पर मौत हो गई। आसपास के लोगों को जानकारी मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव का पोस्टमार्टम करवा मंगलवार को सौंप दिया। शव का सिसवन स्थित सरयू नदी घाट पर दाह संस्कार किया गया। इस घटना के बाद परिजनों में चीत्कार मच गया। मृत टिंकू तीन भाईयों में दूसरा था और घर पर ही रह कर घरेलू कार्य कर रहा था। इस घटना के बाद गांव में शोक है। थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव ने बताया कि घटना के बाद बाइक को जब्त कर थाना लाया गया है। वहीं परिजनों द्वारा थाने में कोई आवेदन नहीं दिया है।

## शराब पीकर हंगामा कर रहे पांच शराबी को पुलिस ने पकड़ा, भेजा कोर्ट

**सिवान।** आसांव थाना के आसांव व वीकउर गांव में शराब पीकर हंगामा कर रहे पांच नशेड़ियों को आसांव थाना की पुलिस ने गिरफ्तार कर मंगलवार की दोपहर कोर्ट भेज दिया । इस संबंध में थानाध्यक्ष रंजीत कुमार साह ने बताया कि गिरफ्तार पांचों शराबी की पहचान मानपुर पतेजी गांव निवासी द्वारिका राम,हरेंद्र पासवान,आसांव गांव निवासी मनोज कुमार राम,उमेश बैठा एवं मझवलिया गांव निवासी अंदीप कुमार राम के रूप में हुई है।

## कोहरा : 15 से अधिक ट्रेनें घंटों विलंब से पहुंची सीवान जंक्शन पर

**परवेज अख्तर/सीवान।** जिले में शीतलहर तथा कोहरे का असर ट्रेन परिचालन पर दिखने लगा है। इस वजह से सुपरफास्ट व एक्सप्रेस ट्रेनें भी अपने निर्धारित समय पर नहीं चल रही हैं। जंक्शन से गुजरने वाली करीब आधा दर्जन से अधिक ट्रेनें मंगलवार को विलंब से चलीं। इनमें वैशाली सुपरफास्ट सहित कई ट्रेनों एक घंटे से दस घंटे तक लेट रही हैं। ट्रेनों के लेट होने के कारण गाड़ियों के इंतजार में यात्रियों को जंक्शन पर घंटों ठिठुरना पड़ा। इससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामान करना पड़ा। मंगलवार को 04449 दरभंगा-नई दिल्ली पूजा स्पेशल एक्सप्रेस दस घंटे, 04453 मानसी-नई दिल्ली त्योहार विशेष एक्सप्रेस छह घंटे 30 मिनट, 02569 दरभंगा-नई दिल्ली क्लोन हमसफर स्पेशल दो घंटे, 12565 बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस एक घंटे, 02563 बरौनी-नई दिल्ली क्लोन हमसफर स्पेशल चार घंटे 30 मिनट, 13019 बाघ एक्सप्रेस दो घंटे, 15903 डिब्रूगढ़-चंडीगढ़ एक्सप्रेस दो घंटे, 55056 गोरखपुर-छपरा पैसेंजर तीन घंटे, 02570 नई दिल्ली-दरभंगा क्लोन हमसफर स्पेशल 13 घंटे 31 मिनट, 02564 नई दिल्ली-बरौनी क्लोन हमसफर स्पेशल आठ घंटे, 15110 मथुरा-छपरा एक्सप्रेस एक घंटे 40 मिनट, 13020 बाघ एक्सप्रेस दो घंटे 17 मिनट, 04454 नई दिल्ली - मानसी महोत्सव विशेष ट्रेन चार घंटे 37 मिनट, 15532 अमृतसर-सहरसा जनसाधारण एक्सप्रेस (अनारक्षित) एक घंटे, 12554 नई दिल्ली-ललितग्राम वैशाली सुपरफास्ट एक्सप्रेस एक घंटे दस मिनट, 12553 ललितग्राम-नई दिल्ली वैशाली सुपरफास्ट एक्सप्रेस 60 मिनट के लेट से सिवान जंक्शन पहुंची। इसके अलावा अन्य ट्रेनें भी विलंब से चलीं।

## विश्व दिव्यांगता दिवस को लेकर तैयारी तेज,26 को प्रखंड स्तर पर होगा कार्यक्रम

**दारौंदा (सिवान)।** बिहार शिक्षा परियोजना (समावेशी शिक्षा), महादेवा द्वारा विश्व दिव्यांगता दिवस को सफल बनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (प्रा.शि. एवं समग्र शिक्षा), सिवान की ओर से सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों एवं लेखापाल सह-डाटा एंट्री आपरेटरों को निर्देश जारी किया गया है। जारी पत्रांक 2874 दिनांक 17 नवंबर 2025 के अनुसार, 03 दिसंबर 2025 को वीएम उच्च विद्यालय सह इंटर कालेज में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके पूर्व 26 नवंबर 2025 को सभी प्रखंडों में छह से 18 आयु वर्ग के दिव्यांग बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इनमें जलेबी दौड़,100 मीटर दौड़,सैक रेस,नींबू-चम्मच दौड़,चित्रकला,गायन/वादन,ब्रेल लेखन गतिविधियों में बौद्धिक, दृष्टि, श्रवण एवं अस्थि दिव्यांग श्रेणी के अंतर्गत बालक-बालिकाएं भाग लेंगी। निर्देश में कहा गया है कि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अपने नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित करेंगे। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत करने के साथ सभी प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया जाएगा। प्रत्येक प्रखंड से प्रत्येक गतिविधि के प्रथम स्थान प्राप्त अधिकतम सात बच्चों को सुरक्षित वाहन से तीन दिसंबर की सुबह 9 बजे तक जिला स्तरीय समारोह में पहुंचाना अनिवार्य होगा। बच्चों की सूची एवं पूर्ण प्रतिवेदन 29 नवंबर 2025, अपराह्न 3 बजे तक जिला कार्यक्रम कार्यालय को भेजना अनिवार्य है।

